राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur



हवामहल

बच्चों का झरोखा

13 मई 2023: शनिवार: वर्ष– 04: अंक – 04

नानी के चाँद तारे
आज की कविता

किसी रोज आपको पता चले कि आकाश में से चाँद और तारे गायब हैं तो आप क्या सोचेंगे? फिर पता चले कि चाँद को एक सींग वाला घोड़ा ले गया और सारे तारे एक चुड़ैल के जाल में फंस गए हैं? अब तो इन्स्पेक्टर बंदर मामा ही उनका पता लगा सकते हैं । कविता सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Infobells

चीनू का उपहार
आज की कहानी

चीनू के पापा कबाड़ी का काम करते हैं । दिनभर ठेला लेकर घरों से रद्दी इकट्ठा करते हैं पर चीनू के स्कूल की छुट्टी होने पर उसे लेने के लिए समय पर जरूर पहुँच जाते हैं। घर लौटकर उन्होंने रद्दी की बोरी से एक कीमती उपहार चीनू को दिया। क्या था वो उपहार? जानने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox

गोहा के किस्से
आज की किताब

गोहा खुद को बुद्धिमान समझता है पर वह अक्सर मूर्खताएं करता है। वह अपने गधे को वजन से बचाने के लिए उसपर बैठकर टोकरी खुद अपने सिर पर रख लेता है। कभी कपड़ों को चोरी से बचाने के लिए नदी में कपड़ों सहित कूद जाता है। गोहा के और नए नए किस्से जानने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvind Gupta Toys



नेमप्लेट
आज की गतिविधि

आपने दफ्तरों में अफसर और बाबू दोनों के ही मेज पर नेम प्लेट देखी होगी । ये नेम प्लेट जानकारी और शान दोनों की ही बात है। आप भी टेबल पर शान से अपनी नेम प्लेट रख सकते हैं । वह भी बहुत ही सस्ते में और आसानी से। बनाने की विधि के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

पर्यावरण, शिक्षा और आजीविका
टीचर्स कॉर्नर

उत्तराखंड की धरती पर पर्यावरण को लेकर बहुत तरह के आंदोलन और पहल हुईं हैं । इन पहलों से सीख लेकर इन्हें देश के दूसरे इलाकों में भी लागू किया जा सकता है। एम जी जैक्शन ने इन पहलों पर कई किताबें लिखीं है। दूनू राय की लिखी इन पुस्तकों की समीक्षा पढिए। चित्र पर क्लिक कीजिए।

शिक्षकों के लिए। Sandarbh

नींद किस चिड़िया का नाम है?
हमारा पुस्तकालय

राजेश जोशी कवि और कहानीकार हैं। उनकी कविताओं में सामाजिक-राजनीतिक सरोकार के साथ ही रोजमर्रा के बिम्ब अपनी पूरी सुंदरता में उभरते हैं। नींद किस चिड़िया का नाम है उनका एक कविता संग्रह है। शिवाँशु मिश्रा की लिखी इस किताब की समीक्षा पढ़ें। चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Parag

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 159वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।